दिनांक 23 अक्टूबर 2020

वार्ड 29 में 20 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन , मेयर श्री देवेंद्र यादव की पहल से जल्द मिलेगा नया सामुदायिक भवन का लाभ , टेंडर के बाद निगम ने जारी किया वर्क आर्डर जल्द शुरू होगा काम

भिलाई/ भिलाई नगर विधायक व महापौर श्री देवेंद्र यादव की पहल से निगम क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा हैं। क्षेत्र के वार्डों में मांग अनुरूप विकास कार्य कराया जा रहा है। मूलभूत सुविधाओं के साथ ही सामुदायिक भवनों का भी निर्माण कार्य किया जा रहा है! इसी प्रकार कुछ माह पहले महापौर देवेंद्र यादव वार्ड निरीक्षण के दौरान वार्ड 29 के नागरिकों से मिले थे। तब क्षेत्र के लोगों ने सामुदायिक भवन की मांग की थी। तब महापौर ने वहां के निवासियों से कहा था कि वे जल्द ही भवन निर्माण कराएंगे और इसके मुताबिक महापौर व भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने वार्ड 29 में सामुदायिक भवन की स्वीकृति कर निर्माण कार्य के लिए वर्क आर्डर भी जारी करा दिया है। महापौर श्री यादव की पहल से 20 लाख की लागत से भवन निर्माण होगा।

गौरतलब है कि वार्ड के लोगों ने बताया कि वे बीते कई सालों से भवन निर्माण की मांग करते रहे हैं। लेकिन कोई पहल नहीं हुई। वार्ड के लोगों ने कहा कि महापौर श्री यादव लोगों की मांग के अनुरूप भवन निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान कराया है। इसके लिए वार्ड के लोगों के साथ ही वार्ड के सैकड़ों नागरिकों ने भी महापौर श्री यादव और निगम प्रशासन का आभार जताया है।

जनसंपर्क अधिकारी